झारखण्ड सरकार

# झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग,

एफ0–49/50, सेक्टर–III धुर्वा, राँची–834004.

**e-mail- jharkhand_ssc@rediffmail.com**

# विज्ञापन संख्या–03/2015

## अवर निरीक्षक उत्पाद एवं सहायक अवर निरीक्षक उत्पाद प्रतियोगिता परीक्षा–2015

**1.** कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के पत्रांक–11/क०च०आ०–16–04/2013 का० 1931(अनु०) दिनांक 25.02.2014 के द्वारा अग्रसारित सचिव–सह–आयुक्त, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्र संख्या–02/स०अ०नि०उ०स्था०–3–6/2010–304 दिनांक 11.02.2014 तथा सचिव–सह–आयुक्त, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्र संख्या–02/उ०सि०स्था०–30–10/13–409 दिनांक 13.03.2015 द्वारा संसूचित रिक्तियों के विरूद्ध नियुक्ति के लिए सुयोग्य उम्मीदवारों के चयन हेतु भारत के नागरिकों से विहित प्रपत्र में अवर निरीक्षक उत्पाद एवं सहायक अवर निरीक्षक उत्पाद प्रतियोगिता परीक्षा–2015 के लिये **ऑन–लाईन (Online)** आवेदन पत्र आंमत्रित किये जाते हैं। उम्मीदवार अर्हता अनुसार निम्नांकित शैक्षणिक एवं शारीरिक योग्यता तथा निर्धारित आयु सीमा के अन्तर्गत आवेदन दे सकते है। ऑन–लाईन (Online) आवेदन आयोग के वेबसाईट www.jssc.in पर लॉगईन **(log in)** करके समर्पित किया जा सकता है।

**2.** **रिक्तियों का विवरण :–**

| क्रम सं0 | सेवा का नाम | पदनाम | आरक्षण वर्ग | कुल रिक्ति | (क्षैतिज आरक्षण) महिला |
|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | | **3** | **4** | **5** |
| 1. | झारखण्ड उत्पाद अधीनस्थ सेवा। | अवर निरीक्षक उत्पाद | अनारक्षित | 28 | **01** |
| | | | अनुसूचित जनजाति | 14 | **01** |
| | | | अनुसूचित जाति | 06 | **01** |
| | | | अत्यन्त पि0 वर्ग अनु–1 | 04 | – |
| | | | पिछड़ा वर्ग अनु–2 | 03 | – |
| **योग** | | | | **55** | **03** |
| **2.** | झारखण्ड उत्पाद अधीनस्थ सेवा। | सहायक अवर निरीक्षक उत्पाद | अनारक्षित | 24 | **01** |
| | | | अनुसूचित जनजाति | 12 | **01** |
| | | | अनुसूचित जाति | 04 | – |
| | | | अत्यन्त पि0 वर्ग अनु–1 | 04 | – |
| | | | पिछड़ा वर्ग अनु–2 | 03 | – |
| **योग** | | | | **47** | **02** |

**3.** परीक्षा के लिए आवेदन देने के पूर्व अभ्यर्थी यह सुनिश्चित हो लें कि वे विज्ञापित पद की पात्रता के विषय पर प्रकाशित सभी शर्तों को पूरा करते हैं। परीक्षा में बैठने की अनुमति पूर्णतः औपबन्धिक होगी। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र निर्गत होना प्रमाणित नही करता है कि अभ्यर्थी विज्ञापित पदों पर नियुक्ति के लिए चयन हेतु निर्धारित पात्रता पूरी करते हैं क्योंकि आयोग परीक्षा के बाद अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी समय अभ्यर्थियों की पात्रता से सम्बन्धित

प्रमाण पत्रों की जाँच करेगा। प्रमाण पत्र जाँच के पश्चात अभ्यर्थी की पात्रता के बिन्दु पर अंतिम निर्णय हो सकेगा।

**4.** कंडिका– 2 में वर्णित पदों का वेतनमान एवं न्यूनतम तकनीकी योग्यता निम्नवत् हैः–

| क्रम सं0 | पदनाम | वेतनमान | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** |
| 1 | अवर निरीक्षक उत्पाद | वेतन बैंड पी0बी0II– रू0 5200–20200 ग्रेड वेतन– रू0 2400 | आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि तक किसी मान्यता प्राप्त विष्वविद्यालय से किसी संकाय में स्नातक की उपाधि या समकक्ष योग्यता। |
| 2 | सहायक अवर निरीक्षक उत्पाद | वेतन बैंड पी0बी0II– रू0 5200–20200 ग्रेड वेतन– रू0 2000 | आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि तक किसी मान्यता प्राप्त विष्वविद्यालय से किसी संकाय में स्नातक की उपाधि या समकक्ष योग्यता। |

**शैक्षणिक योग्यता के निर्धारण के लिए online आवेदन देने की अंतिम तिथि को आधार तिथि (Reference Date) माना जायेगा। यदि कोई अभ्यर्थी इस तिथि तक निर्धारित शैक्षणिक योग्यता नहीं धारित करते हैं तो वे आयोग्य समझे जायेंगे।**

**5. उम्र की गणना दिनांक 01.08.2015 के आधार पर की जायेगी।**

**1.** न्यूनतम उम्र :– 20 वर्ष ।

**2.** अधिकतम उम्र :–

**(क)** अनारक्षित – 35 वर्ष।

**(ख)** अत्यन्त पिछड़ा वर्ग– (अनुसूची– 1) एवं पिछड़ा वर्ग अनुसूची–2 (पुरूष) – 37 वर्ष।

**(ग)** अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति (पुरूष एवं महिला) – 40 वर्ष।

(घ) झारखण्ड राज्य की स्थानीय निवासी महिला (अनारक्षित), अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची– 1) एवं पिछड़ा वर्ग अनुसूची–2 – 38 वर्ष।

**टिप्पणीः– अत्यन्त पिछड़ा वर्ग अनुसूची–1 एवं पिछड़ा वर्ग अनुसूची–2 की 37 वर्ष से अधिक एवं 38 वर्ष तक की महिला अभ्यर्थी अनारक्षित कोटा में क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत महिलाओं के लिए कर्णांकित रिक्तियों के विरूद्ध ही सिर्फ चयनित हो सकेंगी।**

**3. शारीरिक योग्यताः–**

**ऊँचाईः–**

**(क)** पुरूष (अनारक्षित/ पिछड़ा वर्ग अनुसूची–2 एवं पिछड़ा वर्ग अनुसूची–1) – 165 सेंटीमीटर

**(ख)** महिला (अनारक्षित/ पिछड़ा वर्ग अनुसूची–2 एवं पिछड़ा वर्ग अनुसूची–1) – 155 सेंटीमीटर

**(ग)** पुरूष (अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति) – 162 सेंटीमीटर

**(घ)** महिला (अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति) – 152 सेंटीमीटर

**सीना (बिना फुलाये):–**

**(क)** पुरूष (अनारक्षित/ पिछड़ा वर्ग अनुसूची–2 एवं पिछड़ा वर्ग अनुसूची–1) – 81 सेंटीमीटर

**(ख)** पुरूष (अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति) – 79 सेंटीमीटर

(महिला उम्मीदवारों के लिए सीना का माप नहीं लिया जायेगा।)

6. **परीक्षा का स्वरूपः–**

1. **परीक्षा का स्वरूप एवं पाठ्यक्रम :–** परीक्षा दो चरणों में ली जायेगी –

**(क)** प्रारम्भिक परीक्षा

**(ख)** मुख्य परीक्षा

दोनों परीक्षाओं में सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय उत्तर आधारित होंगे। सही उत्तर के लिए 3 (तीन) अंक दिए जायेंगे तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 (एक) अंक की कटौती की जायेगी। प्रत्येक प्रश्न पत्र में प्रश्नों की संख्या 120 तथा परीक्षा की अवधि 2 (दो) घंटो की होगी। परीक्षा की भाषा हिन्दी/अंग्रेजी होगी।

2. **परीक्षा का पाठ्यक्रमः– विवरणिका में प्रारम्भिक एवं मुख्य परीक्षा का विस्तृत पाठ्यक्रम आयोग के वेबसाईट www.jssc.in पर देखा जा सकता है।**

7. **परीक्षा शुल्कः–**

परीक्षा शुल्क रू0 460 (चार सौ साठ रूपये) है।

**परीक्षा शुल्क में छूटः–** झारखण्ड राज्य के अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिये परीक्षा शुल्क रू0 115 (एक सौ पन्द्रह रूपये) है। झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासी अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति कोटि से इतर कोटि के अभ्यर्थियों द्वारा रियायती दर पर परीक्षा शुल्क भरे जाने की स्थिति में उनके आवेदन पत्र को रद्द करते हुए उनकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जा सकती है। बिना परीक्षा शुल्क भुगतान किये आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होंगे और वे रद्द किये जा सकेगें। परीक्षा शुल्क अप्रतिदेय (Non Refundable) होगा।

परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त अभ्यर्थियों को बैंक चार्ज के रूप में अतिरिक्त राषि का भुगतान भी करना होगा। विस्तृत सूचना विवरणिका में दी गई है।

8. आवेदन पत्र समर्पित करने की अवधि– ऑन–लाईन आवेदन भरने के लिए आयोग के वेबसाईट www.jssc.in पर जायें एवं Online Application for ESI&EASICE-2015 पर Click करें। आवेदन पत्र का लिंक दिनांक 22.07.2015 के 11.00 बजे पूर्वाह्न से उपलब्ध होगा तथा आवेदन को भेजने (Submit) करने की अन्तिम तिथि दिनांक 21.08.2015 संध्या 5.00 बजे तक

है। इस अवधि के बाद ऑन–लाईन आवेदन का लिंक बंद कर दिया जायेगा। **आवदेकों को सूचित किया जाता है कि आवेदन Submit करने के पूर्व भरे गये आवेदन को ठीक से देख लें। यदि कोई त्रुटि है तो उसे सुधार कर ही आवेदन Submit करें। एक बार आवेदन Submit करने के पष्चात् वैसी कोई भी प्रविष्टियाँ, जो परीक्षाफल को प्रभावित करती है, में कोई बदलाव/सुधार का दावा मान्य नहीं किया जायेगा।**

9. आवेदन भरने के पूर्व अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे इस परीक्षा की विवरणिका जो आयोग के वेबसाईट www.jssc.in पर उपलब्ध है, अवष्य देख लें।

ह0/–
परीक्षा नियंत्रक।